an>

Title: Regarding menace created by animals on farms due to deforestation resulting in destruction of crops in Punjab.

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) :** अध्यक्ष महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जंगलों की कटाई से वातावरण पर जो नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, वह चिंता की बात है, किन्तु एक बहुत चिंता वाली बात है, जो मुश्किल सामने आ रही है, वह यह है कि जंगलों की कटाई के कारण जंगली जानवर भुखमरी से मैदानी क्षेत्रों में आकर किसानों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे उनकी जान-माल का भी नुकसान हो रहा है। पंजाब सरकार ने इस संबंध में एक प्रोजैक्ट रिपोर्ट बनाकर केन्द्र सरकार को भेजी है कि यदि इसमें केन्द्र सरकार 50 परसेंट मदद कर दे तो 50 परसेंट किसान उसमें अपना हिस्सा डाल देंगे। अगर वहां जालीदार तार का प्रबंध हो जाये, तो उससे किसान भी बच जायेगा, उसकी फसलें भी बच जायेंगी और किसानों की मुश्किल का समाधान भी निकल आयेगा।